कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची।

(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

जिला बाल संरक्षण इकाई

–: नियुक्ति संबंधी सूचना :–

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार के नियंत्रणाधीन केन्द्र प्रायोजित मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत राँची जिले में संचालित सम्प्रेक्षण गृह में रिक्त 01 (एक) पद के विरूद्ध संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित की जाती है जो निम्नवत् है :–

क्रमांक	पदनाम	पदों की संख्या	परिश्रामिक राशि	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	अतिरिक्त योग्यता
1	परामर्शी	01	23170/–	स्नातकोत्तर (समाज विज्ञान/मनोविज्ञान)	कम्प्यूटर (हिन्दी एवं अंग्रेजी) में दक्षता
	कुल पद – 01				

(क) संविदा पर नियुक्ति की शर्ते :–

1. वित्त विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक–4569/वि० दिनांक–05.07.2022 में निहित शर्तों/प्रक्रिया, योजना–सह–वित्त विभाग एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत मार्ग निर्देशों के आलोक में संविदा आधारित नियुक्ति की कार्रवाई की जायेगी।
2. संविदा एक वर्ष हेतु अनुमान्य होगा। आवश्यकतानुसार अग्रेतर वार्षिक कार्य मूल्यांकन के आधार पर अनुबंध अवधि का विस्तार किया जायेगा।
3. कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर संविदा के आधार पर अनुबंधित कर्मी को एक माह की नोटिस पर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।
4. संविदा के आधार पर नियुक्त कर्मियों का स्थाई नियोजन नहीं होगा बल्कि स्वीकृत मानदेय के विरूद्ध उन्हें कार्य करने के लिए अनुबंधित किया जायेगा।
5. विभाग आवश्यकतानुसार विज्ञापन की शर्तों एवं पदों की संख्या में संशोधन कर सकता है।
6. संविदा पर नियुक्त कर्मियों के मासिक पारिश्रामिक राशि के संबंध में योजना–सह–वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा जो भी निर्णय लिया जायेगा, वह मान्य होगा।
7. संविदा पर नियुक्त कर्मी को कैलेण्डर वर्ष के लिए राज्य कर्मियों के अनुसार आकस्मिक अवकाश देय होगा, परन्तु वे किसी अन्य अवकाश के हकदार नहीं होंगे।
8. संविदा पर नियुक्त कर्मी का पद स्थानान्तरणीय नहीं होगा।
9. संविदा पर नियुक्त कर्मी के लिए राज्य कर्मियों की तरह आचार संहिता लागू होगा।

(ख) संविदा पर नियुक्ति की प्रक्रिया :–

1. संविदा आधारित नियुक्ति के नियमितीकरण के संबंध में किसी प्रकार का दावा अमान्य है। संबंधित जिला के उपायुक्त संविदा आधारित पदधारकों के नियुक्ति प्राधिकार होंगे।
2. चयनित अभ्यर्थियों द्वारा समर्पित सभी प्रमाण पत्रों का सत्यापन नियुक्ति के तीन माह के अन्दर प्रमाण–पत्र निर्गत करने वाली संस्थान से कराना सुनिश्चित किया जायेगा। चयनित अभ्यर्थियों का पुलिस सत्यापन कराया जायेगा। संविदात्मक नियुक्ति की प्रक्रियात्मक कार्रवाई में चयन समिति की अनुशंसा पर उपायुक्त का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।
3. चयन में आरक्षण नियमों का अनुपालन किया जायेगा। चयनित कर्मियों के नाम सूचना फलक पर प्रदर्शित किये जायेगें।

(ग) चयन का मापदण्ड :–

1. चयन में साक्षात्कार का प्रावधान नहीं होगा।
2. अभ्यर्थियों के शैक्षणिक योग्यता के निम्नांकित प्रत्येक स्तर पर प्राप्त अंक का प्रतिशत ज्ञात कर प्रारम्भिक मेधा सूची तैयार की जायेगी।

क्र०सं०	पदनाम	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	मापदण्ड का प्रतिशतता				
			मैट्रिक	इन्टर	स्नातक	स्नातकोत्तर	कुल प्रतिशतता
1	परामर्शी	स्नातकोत्तर (समाजिक विज्ञान/मनोविज्ञान)	20	20	30	30	100

3. उक्त आधार पर प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक प्रारम्भिक मेधा सूची तैयार की जायेगी। प्रत्येक पद की रिक्ति के पाँच गुणा अभ्यर्थियों का चयन शीर्ष प्रारम्भिक मेधा सूची के अनुसार किया जायेगा एवं उनका कम्प्यूटर हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग जाँच परीक्षा के लिए की जायेगी।
4. कम्प्यूटर हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग में क्रमशः 20 एवं 30 शब्द प्रति मिनट शुद्धता सहित उत्तीर्ण होना आवश्यक है। कम्प्यूटर हिन्दी एवं अंग्रेजी टाईपिंग में किसी अंक का देयता नहीं है। टाईपिंग शुद्धता सहित उत्तीर्णता के आधार पर अंतिम मेधा सूची तैयार की जायेगी।

(घ) चयन के लिए उम्र सीमा :–

कोटि	न्यूनतम आयु (वर्ष में)	अधिकतम आयु (वर्ष में)	दिव्यांग अभ्यार्थियों के लिए
अनारक्षित	21	35	40
अत्यंत पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग		37	42
महिला अनारक्षित		38	43
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला)		40	45

नोट :– आयु की गणना हेतु तिथि : 01.08.2026

04/06/11/2026

(ड.) आवेदन की प्रक्रिया :–

1. इच्छुक उम्मीदवार संलग्न विहित आवेदन प्रपत्र के साथ निम्नांकित शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो की स्वअभिप्रमाणित प्रति के साथ समर्पित करेंगे।
2. मैट्रिक अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र।
3. इन्टर अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र।
4. स्नातक अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र।
5. स्नातकोत्तर अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र।
6. आवासीय प्रमाण–पत्र।
7. जाति प्रमाण–पत्र।
8. अतिरिक्त वांछित शैक्षणिक योग्यता/डिप्लोमा प्रमाण पत्र।
9. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक– 05/12/2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
10. आवेदन अपूर्ण या अस्पष्ट रहने की स्थिति में प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
11. आवेदकों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से स्वीकार किये जाएंगे। अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

आवेदन करने का पता :– कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, समाहरणालय भवन, ब्लॉक–"बी" कमरा संख्या–111, पिन कोड–834001 राँची (झारखण्ड)।

ह०/–

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,
राँची।

ज्ञापांक :– नियु०–OH/2026–27/1398/बा०सं०, राँची/दिनांक – 06/11/2026

प्रतिलिपि :– जिला सूचना जन सम्पर्क पदाधिकारी, राँची को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश है कि उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराना सुनिश्चित किया जाय।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, राँची को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश है कि उक्त सूचना को राँची जिले के वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाय।

06/11/2026

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,
राँची।

आवेदन हेतु विहित प्रपत्र

स्वअभिप्रमाणित फोटो

1. आवेदित पद का नाम –.....
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) – .....
3. आवेदक का नाम (अंग्रेजी में) – .....
4. पिता/पति का नाम –.....
5. जन्म तिथि (अंको में) –.....
6. जन्म तिथि (शब्दों में) – .....
7. लिंग (पुरूष/महिला) – .....
8. स्थायी पता –.....

   डाकघर –.....थाना – .....

   जिला – ..... राज्य – ..... पिनकोड – .....

   .....
9. पत्राचार का पता –.....

   डाकघर –.....थाना – .....

   जिला – ..... राज्य – ..... पिनकोड – .....
10. मोबाईल नं० –..... ई–मेल आई०डी०– .....
11. कोटि (अ०जा०/अ०ज०जा०/अ०पि०व०/आ०क०व०/सामान्य) – .....
12. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है ? .....
13. विवाहित/अविवाहित/विधुर/परित्यक्तता – .....
14. शारीरिक रूप से दिव्यांग (प्रमाण पत्र सहित) – .....
15. शैक्षणिक योग्यता : –

परीक्षा का नाम	उत्तीर्णता वर्ष	बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्राप्तांक का प्रतिशत	श्रेणी

16. अन्य योग्यता का विवरण :– .....

.....

.....

17. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :–

संस्था का नाम	पदनाम	अनुभव का विवरण		कार्यानुभव की कुल अवधि	कार्यानुभव का क्षेत्र
		कब से	कब तक		

घोषणा

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हुँ कि इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते है, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैद्यानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

स्थान :–

दिनांक :–

आवेदक का हस्ताक्षर